## सारांश

आनुवंशिकी जीव विज्ञान की एक शाखा है जिसके अन्तर्गत जीवों के लक्षणों की वंशागति व उनमें उपस्थित विविधता का अध्ययन किया जाता है। वंशागति वह प्रक्रम है जिससे लक्षण जनक से संतति में जाते हैं तथा विविधता जनक और संतति के लक्षणों की असमानता की अवस्था है। ग्रेगर जोहन मेंडल ने आनुवंशिकी का सर्वप्रथम क्रमबद्ध अध्ययन किया। मेंडल ने मटर के सात विर्पयासी लक्षणों की वंशागति का अध्ययन करते हुए जो सिद्धान्त प्रस्तावित किए उन्हें आज वंशागति के 'मेंडल के नियम' से जाना जाता है। मेंडल ने एक जीन की वंशागति तथा दो जीन की वंशागति के आधार पर क्रमशः विसंयोजन व स्वतंत्र अपव्यूहन के नियमों का प्रतिपादन किया। मेंडल के एक जीन की वंशागति को $F_1$ पीढी में केवल एक ही जनकीय लक्षण का रूप प्रकट हुआ जबकि $F_2$ में लक्षण के दोनों विर्पयासी रूप 3 : 1 के अनुपात में अभिव्यक्त हुए। इसी प्रकार दो जीन की वंशागति के $F_1$ पीढ़ी में भी एक जनक के लक्षणप्ररूप प्रकट हुए। परन्तु $F_2$ पीढ़ी में लक्षणप्ररूप अनुपात 9 : 3 : 3 : 1 पाया गया। मेंडल द्वारा चुने गये लक्षणों के जीन अलग–अलग गुणसूत्रों में स्थित थे अर्थात् लक्षणों के जीनों में सहलग्नता का अभाव था।

मटर के सभी सातों लक्षणों के विर्पयासी रूपों में प्रभाविता पाई गई। मेंडल के अध्ययनों में प्रत्येक लक्षण एक जीन द्वारा नियंत्रित था। प्रत्येक जीन के दो वैकल्पिक रूप, जो एक ही लक्षण के विपर्यासी रूप उत्पन्न करते हैं, उन्हें विकल्पी (अलील) कहते हैं इन विकल्पियों में एक प्रभावी तथा दूसरा अप्रभावी होता है। किसी लक्षण के लिए जीव में एक जीन की दो प्रतियाँ उपस्थित होती है। जब एक जीन की केवल एक विकल्पी की ही दो प्रतियाँ उपस्थित हों तो ऐसे जीव को समयुग्मजी कहते हैं। परन्तु जब किसी जीव में उपस्थित एक जीन की दोनों विकल्पी उपस्थित हों तो उसे विषमयुग्मजी कहते हैं। किसी जीव के किसी लक्षण या कई लक्षणों के लिए उपस्थित जीनों एवं उनके विकल्पियों को उस पौधे का जीन प्ररूप कहते हैं लेकिन उस जीव के बाहरी स्वरूप अथवा उसमें दिखने वाले लक्षण या लक्षणों को उसका लक्षण प्ररूप कहते हैं।

## प्रश्न :

1. आनुवंशिकी का जनक कहा गया है :
   (क) हूगो डी व्रीज को
   (ख) मेंडल को
   (ग) कार्ल कोरेंस को
   (घ) एरिक वॉन शर्माक को
2. परीक्षार्थ संकरण संतति में जीनप्ररूप व लक्षणप्ररूप अनुपात होता है :
   (क) 3 : 1
   (ख) 1 : 2 : 1
   (ग) 1 : 1
   (घ) 2 : 1
3. जीन प्ररूप को परिभाषित कीजिए ।
4. विकल्पी किसे कहते हैं?
5. मेंडल ने अपने अध्ययन के लिए मटर के पौधे को ही चुना। क्यों?
6. मेंडल अपने प्रयोगों में सफल रहा। कारण स्पष्ट कीजिए।
7. मेंडल द्वारा मटर पर किए गए लक्षणों को सूचीबद्ध कीजिए।
8. मेंडल के स्वतंत्र अपव्यूहन के नियम को परिभाषित कीजिए तथा दो जीन की वंशागति का सविस्तार वर्णन कीजिए।
9. मेंडल द्वारा किए गए एकल संकर संकरण की वंशागति को सविस्तार समझाइए तथा इसके आधार पर प्रतिपादित नियम को परिभाषित कीजिए।